दिन– सोमवार दिनांक– 14 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज संसद भवन परिसर में डॉ. बीआर आम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब ने कई कठिनाइयों के बावजूद एक अलग पहचान बनाई और पूरी दुनिया में सम्मान अर्जित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि डॉ. आम्बेडकर की प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर के सिद्धांत और आदर्श से आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति मिलेगी।

---

इधर, राजधानी पटना में हाईकोर्ट के पास स्थित डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमा के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। यहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बाबा साहब को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

---

आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज प्रदेश में समग्र सेवा अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए इस विशेष अभियान की शुरूआत की। श्री कुमार ने बाबा साहब

आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत एससी–एसटी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के छह सौ लाभुकों को एक मुश्त राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा मौजूद थे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के प्रतीक और शुभंकर का अनावरण किया। शुभंकर का नाम गजसिम्हा रखा गया है। इन खेलो का चार से पन्द्रह मई तक पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में आयोजन होना है। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। वहीं, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग, मशाल और जर्सी का आज शाम अनावरण करेंगे। यह कार्यक्रम पटना के ज्ञान भवन में आयोजित होगा। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, मधुबनी, शिवहर और राज्य के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण मध्य भागों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और मेघगर्जन तथा वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान जताया है।

———————————————————————————

आज लोक पर्व सतुआनी है। पूरे प्रदेश में इस पर्व को लोग खुशी और उत्साह से मना रहे हैं। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मकई, चना और जौ का सत्तू आचार, प्याज, चटनी और टिकोला के साथ खाने की परंपरा है। इधर, आज मिथिला में लोकपर्व जुड़–शीतल मनाया जा रहा है।

---

पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र के पीरमुहानी के पास देर रात एक आरा मशीन में आग लग जाने से लगभग एक करोड़ मूल्य की लकड़ी जलकर नष्ट हो गई। फायरबिग्रेड की तीस गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

---

गोपालगंज जिले के मांझा बाजार से पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

---

समाप्त